तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शनिवार 29 जून 2024

11 तीन कमारों का आवास चढ़ा भ्रष्टाचार की भेंट

12 निगम की स्वच्छता टीम अब सदर बाजार, गोल बाजार की नालियों ...




## खबर संक्षेप

### अटंग में कबीर जयंती समारोह आज

**सिर्री।** ग्राम अटंग कबीर सत्संग समिति और समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से 29 जून शनिवार को गांव के साहू समाज भवन में दोपहर 2 बजे से कबीर जयंती समारोह का आयोजन किया गया है। जिसमे धूमधाम से कबीर जयंती मनाई जायेगी। उक्त कार्यक्रम में मुक्तिशरण साहेब कोलियारी, विचार साहेब, समेंद्र साहेब नवापारा, अनिल साहेब संकरी, विजय साहेब सेंनचुआ की विशेष उपस्थिति में उनका प्रवचन भी होगा। उक्त की जानकारी वेदप्रकाश साहू अटंग ने दी।

### युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

**मगरलोड।** मगरलोड थाना अंतर्गत ग्राम बोरसी में अज्ञात कारण से एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। थाना से मिली जानकारी अनुसार 26 जून बुधवार को ग्राम बोरसी निवासी घनश्याम निषाद उम्र 22 वर्ष पिता बिजेश्वर निषाद बाहर काम करने गया था। पांच दिन पहले ही वह गांव आया था। सुबह 10 बजे वह साइकिल से निकला था। रात्रि 9 बजे वह शराब भट्ठी के आगे टोरी पहाड़ी के जंगल में बेहडा पेड़ में गमछे से फांसी पर लटका मिला। परिजनों ने घटना की सूचना थाने को दी। पुलिस ने मर्ग कायम कर पंचनामा, पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। जांच अधिकारी एएसआई एनआर साहू ने बताया कि फिलहाल आत्महत्या का कारण अज्ञात है। मामले की बारीकी से जांच की जा रही है।

### मिलों में खप रहा राशन दुकानों का चावल

# लेवी लेने में लेटलतीफी से बढ़ी पीडीएस चावल की कालाबाजारी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

लेवी का चावल जमा करने में लेटलतीफी से पीडीएस चावल की कालाबाजारी बढ़ गई है। स्टाक रखने में हो रही दिक्कतों के चलते राइस मिलर्स ने सरकारी धान को फ्री सेल में खपा दिया है। अब वे पीडीएस के चावल को ब्लैक में खरीदकर लेवी का चावल जमा कर रहे हैं।

जिले के राइस मिलर्स ने इस साल कस्टम मिलिंग के लिए बड़ी मात्रा में धान का उठाव किया है। जिले के खरीदी केंद्रों से ही 6.10 लाख मीट्रिक टन धान उठाया है। इसके अतिरिक्त बाहर के जिलों से आए 3.52 लाख मीट्रिक टन धान का भी उठाव कर लिया है। उठाए गए धान के एवज में मिलर्स को 6 लाख 59 हजार मीट्रिक टन चावल जमा करना है। विडंबना यह है कि गोदामों में जगह नहीं होने के कारण मिलर्स से चावल नहीं लिया जा रहा है जिसके चलते राइस मिलर्स की परेशानी बढ़ गई है। अब तक वे 70 प्रतिशत यानी 4 लाख 61 हजार मीट्रिक टन चावल ही जमा कर पाए हैं। उधर राइस मिलर्स के पास चावल को स्टोर करने के लिए ज्यादा जगह नहीं है। स्टाक कम करने के लिए उन्होंने सरकारी धान की मिलिंग कर फ्री सेल में खपा दिया है। अब वे लेवी का चावल जमा करने के लिए राशन दुकानों में वितरित किए जाने पीडीएस के चावल की खरीदी कर रहे हैं। कई राइस मिलर्स धान की खरीदी कर लेवी पटाने का जुगाड़ कर रहे हैं।



#### बड़ा है कारोबार

लेवी जमा लेने में विलंब के कारण पीडीएस चावल की कालाबाजारी को बढ़ावा मिला है। हर माह बड़ी मात्रा में राशन दुकानों से पीडीएस का चावल बंट रहा है। यह चावल कई माध्यम में राइस मिलों में पहुंचकर स्टोर हो रहा है। यदि लेवी जल्द जमा लिया जाता है तो पीडीएस चावल जमा करने के लिए वक्त ही नहीं मिलता।

#### कोचिए हुए सक्रिय

राशन दुकानों में कोचिए सक्रिय हैं जो पीडीएस के चावल को 26-28 रूपए प्रति किग्रा के हिसाब से खरीद रहे हैं। कई दुकानों में तो सेल्समेन ही चावल खरीद लेते हैं। इस चावल को जमा करने के बाद वे राइस मिलों में खपा देते हैं। इससे हितग्राही से लेकर राइस मिलर्स तक सभी की मोटी कमाई होती है लेकिन शासन को नुकसान होता है।


# बीते सत्र का जलकर पचास लाख बकाया चालू सत्र में 128 लाख की वसूली बाकी

- शुद्ध पेयजल प्रदान करने 20 हजार से अधिक नल कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी


सुविधाएं मिलने के बाद भी शहर की जनता टैक्स देने में आनाकानी करती है। कुछ ऐसे लोग भी हैं जो सालों से टैक्स जमा नहीं किए है। नोटिस के बाद भी टैक्स नहीं पटाते। बीते सत्र में 189 लाख जलकर की तुलना में शहरवासियों ने 130.53 लाख टैक्स पटाया है। 50 लाख के लगभग टैक्स अब भी बकाया है। बकाया राशि की वजह से निगम की आर्थिक स्थिति गड़बड़ाने लगती है। सुविधाओं में होने वाले खर्च की भरपाई नहीं हो पाती। कर्मचारियों को वेतन देने के लिए राजस्व की कमी महसूस होती है।

विदित हो कि लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने निगम द्वारा करोड़ों खर्च किया गया है। शहर के सभी 40 वार्ड में 20 हजार से अधिक नल कनेक्शन दिया गया है जिसके माध्यम से निगम द्वारा लोगों को प्रति व्यक्ति 114 लीटर प्रतिदिन प्रदाय होता है। इसके लिए शासन के सहयोग से 34 करोड़ की लागत से 14.7 एमएलडी क्षमता वाले वाटर ट्रीटमेंट प्लांट लगाया गया है। इस प्लांट के माध्यम से महानदी का पानी शुद्ध होकर पाइप लाइन के सहारे घर-घर पहुंचता है। पानी की जरूरत को देखते हुए 35 करोड़ की लागत से एक और ट्रीटमेंट प्लांट उसके समीप लगाया जा रहा है ताकि शहरवासी को अगले 100 साल तक पानी की तकलीफ न हो। इसके बाद भी कुछ ऐसे उपभोक्ता हैं जो समय पर जलकर नहीं पटाते।



इसी कारण से जलकर का बकाया हर साल बढ़ता है। इस वर्ष 50 लाख का बकाया है। चालू सत्र में इस वर्ष 128 लाख रूपए टैक्स और वसूलना है। इस तरह चालू और बीते सत्र का बकाया मिलाकर जलकर 178 लाख रूपए हो गए हैं।

उपायुक्त पीसी सार्वा ने बताया कि बकाया जलकर की वसूली और चालू वर्ष की वसूली के लिए निगम टीम फील्ड में जाकर घर-घर दस्तक दे रही है। जलकर नहीं पटाने वालों को नोटिस दिया जा रहा है। इसके बाद भी टैक्स नहीं पटाते हैं तो नल कनेक्शन विच्छेदन की कार्रवाई की जाएगी।






■ भैंसमुंडी की घटना

# पैराकुट्टी मशीन से युवक का हाथ कटा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कुट्टी काटने के लिए पैरा डालते समय युवक का हाथ मशीन की चपेट में आ गया। इस घटना में युवक का हाथ कटकर अलग हो गया।

परिजनों के अनुसार मगरलोड थाना क्षेत्र के ग्राम बनियातोरा निवासी डोमन साहू पिता बसंत उम्र 40 वर्ष पैरा कुट्टी काटने का काम करता है। डीजल पंप से चलने वाली अपनी मशीन से एक मजदूर की मदद से किसान के ब्यारा में जाकर पैरा की कुट्टी काटता है। शुक्रवार को भी युवक ग्राम भैंसमुंडी निवासी तरूण साहू के ब्यारा में कुट्टी काटने गया था। गांव के राजेश यादव को काम कराने ले गया। मशीन को डीजल पंप की मदद से चालू कर कुट्टी काटने का काम किया जा रहा था। डोमन दोनों हाथ से मशीन में पैरा डाल रहा था। पैरा डालते समय युवक का बायां हाथ मशीन के भीतर चला गया। मशीन में लगे धारदार ब्लेड से युवक का हाथ कलाई तक कट गया। हाथ कटकर अलग होने से वह लहूलुहान हो गया। युवक की हालत देख तत्काल संजीवनी 108 को सूचना दी गई। एम्बुलेंस के पहुंचने पर युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद युवक को वार्ड में भर्ती कर इलाज किया जा रहा है।

# सिंचाई विभाग के बाबू ने किया सुसाइड

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

अज्ञात कारणों से सिंचाई विभाग में पदस्थ बाबू ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।

मिली जानकारी के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम मुजगहन निवासी संजय साहू पिता गोकुल उम्र 50 वर्ष जल संसाधन विभाग रूद्री में क्लर्क के पद पर पदस्थ था। गुरूवार की देर रात्रि गांव में बन रहे फिल्टर प्लांट के छज्जे में लगे सरिया में रस्सी का फंदा बना फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी रात्रि में ही हो गई। वहीं पेट्रोलिंग के दौरान मौके पर पहुंची अर्जुनी पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने सुबह पंचनामा की कार्रवाई कर शव को जिला अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया गया। बताया जाता है कि अधेड़ स्वास्थ्यगत कारणों से परेशान रहता था। फिलहाल आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।






## खबर संक्षेप



### गीतकारमुड़ा में मना प्रवेशोत्सव

**नगरी।** प्राथमिक शाला गीतकारमुड़ा में प्रवेशोत्सव धूमधाम से मनाया गया। गुलाल लगाकर बच्चों का मुंह मीठा किया गया। पालकों को शासन द्वारा जारी आवश्यक दिशा निर्देश 32 बिन्दुओं को पढ़कर सुनाया गया। साफ सफाई, नियमित उपस्थिति, किचन गार्डन, वृक्षारोपण आदि पर चर्चा किया गया। बच्चों को पानी बाटल दिया गया। गणवेश, पुस्तक वितरण किया गया। बच्चों की मलेरिया जांच भी किया गया। मौके पर प्रधान पाठक कमलेश्वर प्रसाद चंद्राकर शिक्षक एस.बी. मिर्जा पालक, रसोईया, नागरिकगण उपस्थित थे।

### राशनकार्ड नवीनीकरण कल तक

**धमतरी।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत राशनकार्डों के नवीनीकरण के लिए 30 जून तक समयावृद्धि की गई है। जिला खाद्य अधिकारी ने राशन कार्डधारियों से अपील की है कि वे नवीनीकरण एप्लीकेशन या संबंधित दुकानों के एप्लीकेशन से कार्डों का नवीनीकरण नियत तिथि तक अनिवार्य करा लें।

### जनपद अध्यक्ष शारदा साहू की अध्यक्षता में जनहित के अनेक मुद्दों पर हुई चर्चा

# सामान्य सभा की बैठक में अवैध वृक्षों की कटाई का मुद्दा छाया रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद



जनपद पंचायत कुरुद में सामान्य सभा के सम्मिलन में इस बार अवैध वृक्षों की कटाई का मुद्दा छाया रहा। बैठक में वन विभाग के अधिकारी नदारद रहे। सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी को अवैध वृक्षों की कटाई एवं सड़क निर्माण के दौरान काटे गये वृक्षों की जानकारी एवं चालान वसूल की राशि पटल में रखने निर्देशित किया गया। संतुष्टिप्रद जवाब संबंधित विभाग द्वारा नहीं देने पर आक्रोश व्यक्त किया गया।

बुधवार को अध्यक्ष शारदा लोकनाथ साहू की अध्यक्षता में हुई बैठक में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने अपने क्षेत्र की समस्याओं को उठाते हुए अधिकारियों से जवाब मांगा। सामान्य सभा में बैठक से पहले सहायक वन परिक्षेत्राधिकारी से वृक्षों की अवैध कटाई संबंधी जानकारी व चालान से वसूली की राशि पटल पर प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया, किन्तु संबंधित अधिकारी द्वारा जानकारी नहीं दी गई। इससे आक्रोशित सदस्यों ने एडीबी लोन 03 अंतर्गत किस-किस मद से राशि प्राप्त हुई है और विभाग की सभी योजनाओं की जानकारी सहित अगली बैठक में उपस्थित होने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया गया। साथ ही वन स्थायी समिति की बैठक 1 सप्ताह के भीतर आयोजित करने की हिदायत दी गई।

मत्स्य विभाग को विभागीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार कर लोगों को लाभान्वित करने निर्देशित किया गया। कृषि विभाग को सभी कृषि केन्द्रों में बीज खाद अमानक का निरीक्षण कर रिपोर्ट आगामी बैठक में प्रस्तुत करने निर्देशित किया गया। महिला एवं बाल विकास को आंगनबाड़ी भवनों के रखरखाव के संबंध में निरीक्षण एवं न्यौता भोजन में जनप्रतिनिधियों को शामिल करने का निर्देश दिया गया। राष्ट्रीय रोजगार गारण्टी योजना अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतों में नाडेप, सोख्ता गड्ढा एवं सभी शासकीय भवनों, तालाबों, नालाओं एवं सार्वजनिक जगहों में वृक्षारोपण हेतु कार्यक्रम निर्धारित करने निर्देशित किया गया। पूर्व तैयारी के रूप में स्कूल परिसर में 4510, अमृत सरोवर 597, आवास हितग्राही 896, स्थल पोषण वाटिका 3000 कुल 9003 गड्ढा पौधरोपण हेतु तैयार किया गया है। वृक्षारोपण कार्यक्रम, जल जगार कार्यक्रम अंतर्गत किया जाना प्रस्तावित है।

शिक्षा विभाग को विकासखण्ड के 12वीं एवं 10वीं बोर्ड में 90 से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मान जनपद द्वारा कराए जाने का फरमान जारी किया गया। लोक स्वास्थ्य यंत्रिकी विभाग को सभी मुक्तिधाम क्षेत्र में हैण्डपम्प खनन, ग्राम पंचायतों की नई पानी टंकी में पानी पहुंचाने की व्यवस्था, पाइप लाइन सुधार कर दूषित पेयजल की आपूर्ति रोकने का निर्देश दिया गया।

इसके अलावा सदस्यों ने स्कूल में शराब पीकर आने वाले शिक्षक, भारतमाला से खराब सड़कों की मरम्मत, सिर्री क्षेत्र के 60 गांवों के लिए बनी सामूहिक जल प्रदाय योजना को लागू करने दोबारा स्टीमेट तैयार करने, स्कूलों में पालक सम्मेलन कराने की जिम्मेदारी शिक्षक पर डालने की बात कही।

बैठक में उपाध्यक्ष जानसिंग यादव, परमेश्वरी साहू, रविन्द्र साहू, चन्द्रलता कोसले, पदमा साहू, पुरुषोत्तम सिन्हा, हुमेन्द्र गजेन्द्र, संतोष साहू, गजेन्द्र साहू, थानूराम साहू, गीता ध्रुव, तामेश्वरी, धरमिन साहू, लोकेश साहू, सुनील गायकवाड़, पुरुषोत्तम साहू, दुलेश्वर ध्रुव, टिकेश्वरी मारकण्डे, विधायक प्रतिनिधि गौकरण साहू, सीईओ बीआर वर्मा, सीआर साहू सुमन चन्द्राकर, बीडी दीवान, अर्चना सोरी, मनोज पैकरा आदि अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### एसडीएम ने तिलक लगाकर किया विद्यार्थियों का स्वागत



**कुरुद।** शासकीय हाईस्कूल सेलदीप में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर नोडल अधिकारी के रूप में अनुविभागीय अधिकारी कुरूद डीडी मंडावी उपस्थित थे। उन्होंने विद्यार्थियों को तिलक लगाकर एवं निःशुल्क पाठ्य पुस्तक का वितरण कर मिठाई खिलाई। मेधावी छात्रों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान श्री मंडावी ने बच्चों को करियर संबंधित मार्गदर्शन देकर शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में सरपंच श्रीमती पुष्पलता साहू, उपसरपंच नेमचंद साहू, राजकुमार कंवर, अवधराम साहू, भारत भूषण साहू, चुरामन साहू, पदमन साहू, खूबलाल साहू, शिक्षक जेआर कंवर, आरके निषाद , सीएल साहू, टीपी वर्मा, जीआर ध्रुव, पीएन मांडवी, सचिव श्री चंद्राकर, पटवारी संजय चंद्राकर, कोटवार, गणमान्य नागरिक, पालक व विद्यार्थी उपस्थित थे।

■ हाईस्कूल सेलदीप में प्रवेश उत्सव मनाया गया

### बारना स्कूल में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव



**कुरुद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बारना में कक्षा 9वीं एवं कक्षा 11वीं में नव प्रवेशी छात्र छात्राओं को पुस्तक वितरण कर एवं मिठाई खिलाकर प्रवेशोत्सव मनाया गया। इस कार्यक्रम में सरपंच श्रीमती ललिता ध्रुव, उपसरपंच दौलत राम साहू, रुपचंद साहू, मोती ध्रुव, प्राचार्य श्रीमती टेमिन साहू, संकुल समन्वयक परशुराम प्रजापति, शिक्षक श्रीमती उमा ठाकुर, श्रीमती पूनम हिरानी, अमित कुमार खरे, विनय पटेल, रोशन साहू, पारस साहू, राजेश बंजारे एवं डोमन साहू उपस्थित थे।

### जामली स्कूल में शाला प्रवेशोत्सव एवं पौधरोपण हुआ



**मगरलोड।** शासकीय प्राथमिक शाला जामली में नवप्रवेशी छात्रों का शाला प्रबंधन एवं विकास समिति, शाला परिवार तथा ग्रामवासियों ने बड़ा, खीर, पूड़ी खिलाकर एवं गुलाल लगाकर स्वागत किया। नवप्रवेशी छात्रों को गणवेश एवं पाठ्यपुस्तक का वितरण किया गया। शाला के प्रधानपाठक डेवेश कुमार साहू ने मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री के संदेश का वाचन किया। शाला प्रबंधन एवं विकास समिति तथा शाला परिवार द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला जामली परिसर में पौधरोपण किया गया। मौके पर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष नेमसिंह ध्रुव, उपाध्यक्ष टिकेश्वरी सिन्हा, शाला प्रबंधन सदस्य चेतन साहू, एस्तर ध्रुव, हीरोबाई साहू, पंचबाई यादव, मैना ध्रुव, रोहिनी ध्रुव, सोनबती ध्रुव, सहायक शिक्षिका बसन्ती सिन्हा, रेखा साहू, रसोइया पुनई ध्रुव, खेमिन ध्रुव, स्वीपर शिव साहू तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### बच्चों को प्रतिदिन स्कूल आने के लिए किया प्रेरित



**मगरलोड।** शासकीय प्राथमिक शाला नवाडीह राजपुर में शाला प्रवेशोत्सव धूमधाम से मनाया गया मां शारदे की पूजा-अर्चना के बाद कक्षा पहली के विद्यार्थियों को गुलाल लगाकर, फूल, आरती के साथ स्वागत किया गया। सभी बच्चों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक, व गणवेश का वितरण किया गया। बच्चों का मुंह मीठा कराया गया। प्रधानपाठक मोहनलाल साहू ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के संदेश का वाचन किया। बच्चों को प्रतिदिन स्कूल आने, खूब मन लगाकर पढ़ने, माता-पिता, गुरुजनों का सम्मान करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान ग्रामीण अध्यक्ष बिरझू कंवर, लेखराम सिन्हा, पुनू राम ध्रुव, मिलेन्द्र ध्रुव, अनीता यादव, कुसुमलता दुबे, प्रधानपाठक मोहन लाल साहू, शिक्षक सियाराम साहू मौजूद थे।

## राजपुर स्कूल में नवप्रवेशी छात्रों का किया गया स्वागत





हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजपुर में 26 जून को शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में विशेष रूप से नोडल अधिकारी देवश्री साहू सहायक अभियंता प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना धमतरी उपस्थित थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तम नेताम जनपद सदस्य थे। अध्यक्षता आर के टंडन प्राचार्य ने की है तथा विशिष्ट अतिथि उदय लाल सेन, घसियाराम वट्टी, हुलार सिंह वट्टी ,लक्ष्मण सिंह नेताम,गिरधर पटेल, दयाराम नेताम थे। इस दौरान कक्षा पहली छठवीं एवं नवमी में नव प्रवेशी विद्यार्थियों का गुलाल लगा कर अभिनंदन किया गया और उन्हें पाठ्य पुस्तक गणवेश प्रदान किया गया। इस दौरान सरपंच यमुना वट्टी के द्वारा न्योता भोज का व्यवस्था किया गया था।

मुख्य अतिथि उत्तम नेताम ने छात्राओं को लक्ष्य बनाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया तथा बोर्ड परीक्षा में 80% से अधिक अंक लाने पर 1000 रूपए की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा करते हुए इस वर्ष 80% से अधिक अंक प्राप्त छात्र युवराज ध्रुव को सम्मान राशि प्रदान किया। इस दौरान मेघावी छात्र सम्मान के तहत युवराज ध्रुव,राजेंद्र कुमार, सगीना यादव, विकास ध्रुव, दुर्गा निषाद, पूर्वानी नागेश को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा श्रेष्ठ पालक के रूप में संतोष निषाद का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन डोमार सिंह ध्रुव ने किया तथा आभार प्रदर्शन बी आर नागेश ने किया।

इस अवसर रामस्वरूप नेताम, मोहन चंद्रवंशी,केशव प्रजापति, हेमलाल यादव रोहिदास नेताम, सुलोचना जांगड़े भूनेश्वरी नेताम, निर्मला चंद्रवंशी दुर्गा वट्टी, मीना नागेश, सविता नेताम, रामकुंवर कुंजाम, गोमती कुंजाम, माधुरी मरकाम सहित बड़ी संख्या में पालक गण उपस्थित थे।

## छात्रों को पुस्तक और गणवेश का वितरण किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

शासकीय माध्यमिक शाला सिर्री में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामेश्वर प्रसाद सिन्हा पूर्व व्याख्याता हाईस्कूल सिर्री थे। स्कूल में नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को पुस्तक और गणवेश वितरण किया गया। अतिथियों ने गुलाल लगाकर एवं मुंह मीठा कर बच्चों को प्रवेश दिलाया गया।

मौके पर सरोज कुमार साहू प्राचार्य हाईस्कूल, रामनिहोरा साहू संकुल समन्वयक सिर्री, विनय कुमार साहू प्रभारी प्रधानपाठक मिडिल स्कूल, कुलेश्वर सिन्हा, तुलाराम साहू, सालिकराम साहू, शोभाराम पटेल, जनक कुंभकार, घनश्याम पटेल, प्रमोद यादव, शिक्षक गिरवरलाल साहू, पुरषोत्तम कुमार साहू, पुष्पा कुर्रे उपस्थित थे। इस अवसर पर अतिथियों और स्कूल स्टाफ ने स्कूल परिसर में पौधरोपण किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक गिरवरलाल साहू ने किया।

### पुस्तक एवं चॉकलेट देकर रोज स्कूल आने के लिए किया प्रेरित



**अंवरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंवरी में प्राचार्य आईआर साहू के मार्गदर्शन में शाला प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ माता सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ हुआ। गुलाल का टीका लगाकर बच्चों का अभिनंदन किया। शाला विकास समिति के अध्यक्ष तथा सदस्यों ने बच्चों को पुस्तकों का वितरण एवं चॉकलेट देकर प्रतिदिन विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम से विद्यार्थी बहुत उत्साहित हुए और प्रतिदिन विद्यालय आकर पढ़ाई करने का भरोसा दिया। कार्यक्रम में शाला विकास समिति अध्यक्ष भुनेश्वर साहू, बालाराम ध्रुव, चिंताराम मरकाम, मूलचंद चंदेल, लेखराम साहू, पुनेश्वर साहू, गैंदलाल पटेला, बिसाहू राम साहू, फलेंद्र ध्रुव, भानुमति, रतनी, शशि, शिक्षक पीएन साहू, केएल यादव, श्रीमती एन सिन्हा, श्रीमती पी सिन्हा, श्रीमती केएल घोघरे, एलबी साहू, डीके साहू, राम्हू ध्रुव, जनकलाल धृतलहरे, दिलीप कुमार कुर्रे, लक्ष्मीकांत साहू, सौरभ पटेल, रेखा मसराम, नरसिंह नेताम, पूरनदास डहरे समेत बड़ी संख्या में पालकगण एवं शिक्षक उपस्थित थे।

## मानसून सत्र की अनुपूरक बजट में सहकारी कर्मियों की उम्मीदें जगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶पुरी

जिले सहित प्रदेश के सहकारी समितियों में कार्यरत 2058 समितियों के लगभग 13,000 कर्मचारी 30 से 40 वर्षों तक निरंतर समितियों के माध्यम से सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्तियों तक पहुंचाने वाले सहकारी कर्मी आज भी शासन की मूलभूत योजनाओं से काफी दूर हैं। जिला संघ ,महासंघ द्वारा निरंतर धरना, प्रदर्शन, विधानसभा घेराव, अनिश्चितकालीन आंदोलन, आदि उपाय के माध्यम से शासन प्रशासन छग सरकार को जगाने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है, फिर भी असफलता हाथ लगी है। 18 जून को रायपुर तुता में धरना स्थल पर प्रदेश के कई हजार लोगों के द्वारा तीन सूत्रीय मांगों को मुख्यमंत्री, सहकारिता मंत्री, खाद्य मंत्री तक शासन के सक्षम अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। 22 जुलाई से 26 जुलाई 2024 तक मानसून सत्र में पांच बैठके होने की जानकारी समाचार पत्रों के माध्यम से प्राप्त हो रही है। किसानों की रात दिन सेवा करने वाले आज सहकारी कर्मी काफी असंतुष्ट है। क्योंकि उन्हें छग शासन के शासकीय कर्मचारियों की भर्ती सुविधा लाभ अन्य महंगाई वेतन भत्ते नहीं मिल पा रहा है। छग सरकार मुख्यमंत्री जो किसानों के साथ कर्मचारी हितैषी हैं उनसे पूरी आस है कि मानसून सत्र की अनुपूरक बजट में सहकारी कर्मी के लिए प्रांधकीय व्यय राशि वेतन अनुदान हेतु प्रतिवर्ष पांच लाख रुपया प्रावधान करेगी। आज पिछले वर्ष की धान का उठाव नहीं हुआ है, करोड़ों रूपया की नुकसान समितियों को होने की संभावना है। शासन से निरंतर धान उठाव कर सुखत आदि समिति को देने की मांग की जा रही है और समिति प्रबंधकों पर धान सुखत के नाम पर अनावश्यक दबाव या अन्य कार्रवाही न करने की मांग भी लिखित रूप से दी गई है। पंजीयक के आदेश अनुसार जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के खाली समिति क्रेडर प्रबंधकों के पदों पर सीधी भर्ती का परीक्षा ली गई है परंतु समिति स्तर से कर्मचारियों को बैंक की भर्ती पर आज तक प्रारंभ नहीं किया गया है। यह जानकारी प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र साहू ने प्रेस को दी है।



नरेन्द्र साहू

### 8 किमी दूर बसे कुरुद का व्यापार प्रभावित होने की आशंका

# टोल टैक्स से राहत दिलाने व्यापारी संघ ने एसडीएम से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद



व्यापारी संघ कुरूद ने नगर सहित जिलेवासियों के लिए मरौद टोल प्लाजा को टोल कर मुक्त करने की मांग को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा एवं टोल टैक्स की राशि से भी राहत दिलवाने की गुहार लगाई है।

बुधवार को एसडीएम डीडी मंडावी को सौंपे अपने ज्ञापन में व्यापारियों ने कहा है कि नेशनल हाईवे 30 रायपुर रोड में ग्राम मरौद के पहले टोल प्लाजा का निर्माण किया गया है जो कुरूद से 8 किमी की दूरी पर है। ग्रामीण क्षेत्र के लिए कुरूद व्यापार का केंद्र है जहां लोग सामान की खरीदी बिक्री करने तथा अन्य कार्यों से भी आना-जाना करते हैं। मरौद टोल कर प्रारम्भ होने से शहर का व्यापार प्रभावित होने की आशंका है। टोल प्लाजा में धमतरी जिले के समस्त वाहनों को कर मुक्त किया जाये एवं टोल कर की राशि दर में भी कमी की जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में व्यापारी संघ के अध्यक्ष योगेंद्र सिन्हा, उपाध्यक्ष रवि चंद्राकर, सचिव खिलेन्द्र चंद्राकर, कोषाध्यक्ष धनेश बैस, सदस्यगण टिकेश साहू, अनूप यादव, योगेश जैन शामिल रहे।

बता दें कि जब से टोल प्लाजा शुरू हुआ है तब से लगातार जिलेवासियों के लिए टैक्स मुक्त करने धमतरी विधायक, नेतागण, विभिन्न संघ, संगठन से जुड़े लोग कर मुक्त करने की मांग कर चुके हैं। अभी तक प्रशासन की तरफ से कोई ठोस निर्णय नहीं लिया जा सका है। इस मामले पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डीडी मंडावी का कहना है कि टोल प्लाजा के मैनेजर को बुलाकर चर्चा कर कोई समाधान निकालेंगे।

Pride of Dhamtari







विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, भोथीडीह... - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप

### नवप्रवेशी विद्यार्थियों को गणवेश का वितरण

**नगरी।** प्राथमिक मध्यमिक शाला रतावा में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का अक्षत, गुलाल लगाकर शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। मिठाई खिलाकर नए बच्चों को पुस्तक, बैग तथा शाला गणवेश का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि गिरजा देव सरपंच ग्राम पंचायत थे। अध्यक्षता पुनीत सलाम अध्यक्ष शिक्षा समिति रतावा ने की। विशेष अतिथि देव जनपद सदस्य नगरी, खुशीराम नाग पूर्व सरपंच, पुष्पदेव ठाकुर, हरक निषाद, दशरथ सलाम, नेहरु नाग, जगदीश नेताम, हरि पटेल, जीतू राणा, शिवराम टाकरी, हेमू बाई नेताम, सुखबती मरकाम, श्रीमती सोम मैडम थे।

### संजय नगर में शाला प्रवेश उत्सव मना

**कुरुद।** शासकीय माध्यमिक शाला संजय नगर कुरूद में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। बतौर मुख्य अतिथि नगर पंचायत पार्षद एवं सभापति मनीष साहू, पूर्व मंडी उपाध्यक्ष प्रमोद साहू एवं संतोष प्रजापति थे। सर्वप्रथम ज्ञान की देवी मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर बच्चों को तिलक व मुंह मीठा कराते हुए शाला प्रवेश कराया गया। बच्चों को पुस्तक एवं गणवेश का वितरण किया गया।

### सांकरा हाईस्कूल में मना शाला प्रवेशोत्सव

**धमतरी।** शासकीय हाईस्कूल सांकरा पी में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। नोडल अधिकारी शोभा ठाकुर ने बच्चों को तिलक लगाकर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया। निःशुल्क पुस्तकों का वितरण किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजा एवं वंदना से की गई। मौके पर समिति के अध्यक्ष सचिंद्रनाथ सोनवानी, पूर्व अध्यक्ष आगेश्वर साहू, पूर्व सरपंच अनिल ध्रुव, प्राचार्य भीखम साहू, शिक्षक बलेश कुमार साहू, देवकुमार यादव, श्रीमती किरण चंद्राकर, ममता केरकेट्टा, श्रद्धा गुगेल मौजूद थे।

## ठेकेदार ने मकान बनाकर देने की बात कहकर कमारों के खाते से निकाल ली राशि

# तीन कमारों का आवास चढ़ा भ्रष्टाचार की भेंट

■ शासन-प्रशासन से कई बार लगाई गुहार, मिला सिर्फ आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सांकरा





राष्ट्रपति दत्तक पुत्र से सम्मानित कमार परिवारों को आज शासन-प्रशासन पीएम जनमत के तहत हर सुविधा मुहैया करा रहा है ताकि वे भी समाज की मुख्यधारा से जुड़ सके। इन कमार परिवारों को पीएम जनमत अवास, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य व रोजगार के अवसर दे रहे ताकी कमार परिवार को भी समाज में बराबरी का सम्मान मिले। इसके लिए अधिकारी कर्मचारी कमार ग्रामों का आये दिन निरीक्षण भी कर रहे हैं। केन्द्र लेवल के अधिकारी भी कार्यों की मानिटरिंग कर रहे हैं मगर ठीक इसके विपरीत धमतरी जिला मुख्यालय से नब्बे किमी की दूरी पर बसे ग्राम पंचायत मेचका के आश्रित ग्राम बोईरगांव के तीन कमार परिवार का प्रधानमंत्री आवास के तहत 2018-19 में आवास स्वीकृत हुआ था। वह आज पांच साल बाद भी पूर्ण नहीं हुआ। एक ठेकेदार के कारण भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। इस बारे में कमार परिवार द्वारा कई बार शिकायत की गई मगर अधिकारी कर्मचारी इन कमारों के आवास बनाने की बजाय सिर्फ आश्वासन देते रहे और मजबूरीवश इन कमारों को आज भी झोपड़ी में जीवनयापन करना पड़ रहा है।

बता दें कि कमार बरन सिंग, रामसिंह और चरण कमार का मकान स्वीकृत होने के बाद एक ठेकेदार ने उन्हें मकान बनाकर देने की बात कहकर कमार के खाते की पहली किस्त पैंतीस हजार रूपये निकलवाकर रख लिया। उसने मकान बनाने नींव खोदकर छोड़ दिया। वहीं चरण कमार के खाते से 80 हजार और रामसिंह कमार के खाते से भी 80 हजार का आहरण हो चुका है मगर उनके द्वार मकान बनाने टालमटोल किया जाता रहा। जब कमार परिवार ने इसकी शिकायत की तो उन्हें सिर्फ आश्वासन ही मिला। इस ग्राम में लगभग बीस कमार परिवार निवासरत हैं जहां जल जीवन के तहत पेयजल व आंगनबाड़ी के साथ अस्पताल का निर्माण होना है। सभी कमारों को पक्के आवास की सुविधा भी मिल रही है लेकिन तीन कमार परिवार आज योजना से वंचित रह गये हैं। ये कमार परिवार शासन से न्याय दिलाने की गुहार लगा रहे हैं। अब देखना है कि शासन इन मजबूर कमारों को कैसे न्याय दिलायेगा व इन्हें पक्के आवास की सौगात मिलेगी या नहीं।

**होगी कार्रवाई**

तीन कमार परिवार के आवास की शिकायत आई है। अन्य व्यक्ति द्वारा आवास बनाने उनसे राशि ले ली गई है और आवास पूर्ण नहीं किया गया है। इस मामले की जांच करवा रहा हूं। उसके बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी

*- विमल कुमार साहू, सीईओ जनपद पंचायत नगरी*

## बच्चों की उतारी आरती फिर मुंह मीठा कराया



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

भव्य द ब्रिलिएंट एकेडमी रुद्री में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जागेंद्र साहू जनपद सदस्य एवं सभापति कृषि स्थायी समिति ने बच्चों का तिलक, आरती और मुंह मीठा कर स्वागत किया। ग्रीष्म कालीन अवकाश के बाद सभी छात्र अपने सहपाठियों के साथ मिलकर अत्यंत प्रसन्न हुए और अपनी खट्टी मीठी यादें एक दूसरे को बताते रहे। इस अवसर पर गत वर्ष आयोजित आल इंडिया स्वच्छ भारत आर्ट कम्पिटिशन स्टेट एंड नेशनल लेवल के प्रतिभागियों का सम्मान किया गया। ज्ञात हो कि राष्ट्रीय शिक्षा एवं मानव संसाधन विकास संस्था मुंबई द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में ब्रिलिएंट एकेडमी के पांच बच्चों का चयन स्कूल लेवल के बाद स्टेट और नेशनल लेवल के लिए हुआ था जिनमें से कक्षा तीन की छात्रा परिणीति साहू स्टेट विनर बनीं। उन्हें ट्रॉफी और सर्टिफिकेट दिया गया। वहीं प्रमांश ठाकुर, पूर्वांश साहू, भव्यांश साहू और खोम यादव को प्रतिभागी मेडल और सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्कूल संचालक रितेश साहू तथा प्रधानपाठिका दिलेश्वरी साहू के साथ शिक्षिकाएं पदमिनी यादव, हिना, सोनू, मुस्कान, स्वाति, ममता, खेमलता उपस्थित थीं।

## प्राथमिक शाला चुरियारा का शौचालय जर्जर


हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

विकासखंड मुख्यालय से कुछ दूरी पर प्राथमिक शाला चुरियारा स्थित है जो संकुल केंद्र हरदीभाठा नगरी पड़ता है। प्राथमिक शाला चुरियारा का शौचालय खराब है। करीब 3 से चार 4 साल से स्कूल का शौचालय जर्जर स्थिति में है।

छात्र-छात्राओं ने बताया कि शौचालय की हालत ठीक नहीं है। इससे उन्हें परेशानी हो रही है। वहीं रसोइयों ने कहा कि यहां पानी की समस्या है। मध्यान्ह भोजन के लिए दूर से पानी लाना पड़ रहा है। आसपास हैंडपंप भी नहीं है।







## कन्या माध्यमिक शाला में हुआ प्रवेशोत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री

शासकीय कन्या माध्यमिक शाला नारी में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। नव प्रवेशी कक्षा छठवीं के छात्रों को पुस्तक, गणवेश का वितरण किया गया एवं गुलाल से स्वागत कर खीर पूड़ी भी खिलाई गई। इस अवसर पर शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष यादराम सोनकर, सदस्य मुकेश चक्रधारी, दीनानाथ सोनकर, प्रधानपाठक उमराव निषाद, शिक्षक कोमल राम साहू, देवानंद नगारची, गीतांजलि कश्यप आदि मौजूद रहे।

## सेजेस बठेना में डीईओ ने बच्चों का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

सेजेस बठेना में शाला प्रवेशोत्सव के अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी टीआर जगदल्ले, संयुक्त संचालक राकेश पांडे रायपुर संभाग, उपसंचालक आशुतोष चौबे, योगेश शिवहरे अपर संचालक लोकशिक्षण, एएन बंजारा सहायक संचालक एवं आलोक चांडक की उपस्थिति में बच्चों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर संचालक-लोकशिक्षण दिव्या मिश्रा (आईएएस) द्वारा सेजस बठेना में नव प्रवेशित विद्यार्थियों को आशीर्वचन के साथ मिठाई खिलाकर पुस्तकें वितरित की गई।



## दसवीं एवं बारहवीं के मेधावी छात्रों को किया सम्मानित



■ पचपेड़ी में नवप्रवेशी छात्रों का मुंह मीठा करा किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोर्रा(भखारा)

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पचपेड़ी में शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में नोडल अधिकारी के रूप में श्रीमती आशा वर्मा थीं। इनके अलावा फत्तेराम महार सरपंच, जगदीश राम साहू पूर्व अध्यक्ष शाला विकास समिति पचपेड़ी, संतोष यादव, गुलजार साहू, आनंद विश्वकर्मा, राजकुमार साहू, होलाराम साहू, नरसिंह साहू, मोहर सिंह साहू, गंगाराम साहू, लिकेश साहू, गायत्री साहू एवं पंचगण उपस्थित थे।

सभा को संबोधित करते हुए संस्था के वरिष्ठ व्याख्याता चंद्रहास साहू ने सभी नव प्रवेशी छात्रों को शाला की परंपरा एवं अनुशासन के बारे में बताया। नोडल अधिकारी आशा वर्मा ने छात्रों को शासन की योजनाओं का लाभ उठाने की बात कही। संस्था के प्राचार्य रविंद्र कुमार कोसरे ने मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री के संदेश का वाचन कर छत्तीसगढ़ को शिक्षा के क्षेत्र में आगे लेकर जाने की बात कही। इस अवसर पर संस्था के कक्षा दसवीं एवं बारहवीं के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। कक्षा 12वीं के एन.एस.एस. विभाग के स्वयंसेवकों को 'ए' सर्टिफिकेट का प्रमाण-पत्र वितरित किया गया। कार्यक्रम में कक्षा नवमीं और दसवीं के छात्रों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तक का वितरण कर सभी छात्रों का मुंह मीठा कर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर संस्था के वरिष्ठ व्याख्याता साहूकार साहू, भारतीय जूनियर रेडक्रास के काउंसलर मेघराज साहू, बसंत कुमार साहू, कमलेश कुमार कंवर, हरिश्चंद्र पटेल, स्काउट मास्टर मिथलेश कुमार सिन्हा, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी पारसमणि साहू, प्रदीप कुमार मानिकपुरी, मीना सिन्हा, पुष्पलता ठाकुर, जानकी वर्मा, व्यायाम शिक्षक सुरेश निषाद, जेआर साहू, विज्ञान सहायक प्रमिला बारले एवं हेमेंद्र कुमार मेश्राम उपस्थित थे।

## उपस्वास्थ्य केंद्र राजपुर का बाउंड्रीवाल बनाने प्राक्कलन तैयार करने सीईओ ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



जिले के विकासखंड मगरलोड के ग्राम पंचायत राजपुर में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री रोमा श्रीवास्तव ने ग्राम संगठन एवं ग्रामीणों के साथ बैठक कर गांव का भ्रमण किया। उन्होंने गांव को आदर्श ग्राम के रूप में विकसित करने एवं उनका सर्वांगीण विकास हेतु ग्रामीणों से विस्तारपूर्वक चर्चा किया गया। साथ ही पंचायत स्तर पर जमा किये जाने वाले अनिवार्य कर, जल कर एवं स्वच्छता कर के बारे में ग्राम संगठन के माध्यम से जमा कराने सीईओ जनपद पंचायत को निर्देशित किया। पंचायत द्वारा लगने वाले कर की राशि ग्रामीणों की सहमति से प्रत्येक परिवार 50 रुपये शुल्क जमा करने हेतु उन्हें प्रोत्साहित किये जावें। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत और गौण खनिज मद से विकास कार्य हेतु कार्ययोजना बनाये जाने की विस्तृत चर्चा सीईओ जिला पंचायत द्वारा किया गया।

आगामी ग्राम सभा मे उक्त कार्यो का प्रस्ताव पंचायत द्वारा प्रस्तावित करने कहा गया। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत ने उपस्वास्थ्य केंद्र राजपुर में बाउंड्रीवाल प्राक्कलन तैयार करने और वृक्षारोपण करने हेतु निर्देशित किया। पुराने पंचायत भवन को ग्राम संगठन की महिलाओं की आपसी लेनदेन एवं बैठक हेतु पुराने पंचायत भवन का उपयोग करने निर्देशित किया गया। इसी तरह स्कूल की सुरक्षा व्यवस्था हेतु सीढ़ी में रेलिंग लगाकर गेट लगाने के निर्देश सीईओ जिला पंचायत ने दिये। भ्रमण के दौरान विभागीय अधिकारी-कर्मचारी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर किया स्वागत



■ आत्मानंद स्कूल हटकेशर में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम विद्यालय हटकेशर में शाला प्रवेशोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि महापौर विजय देवांगन थे। नोडल अधिकारी सुश्री प्रीति दुर्गम डिप्टी कलेक्टर थीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य आरके शर्मा ने की। श्रीमती खिलेश्वरी मुंजे भी उपस्थित थीं।

प्राचार्य ने स्कूल में संचालित शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की। अतिथियों ने नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर और मिठाई खिलाकर स्वागत किया। निःशुल्क पुस्तकें वितरित की गई। इस वर्ष कक्षा छठवीं से बारहवीं में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। महापौर श्री देवांगन ने 10वीं और 12वीं में प्रथम स्थान प्राप्त किये विद्यार्थियों को 1000 रूपये की नगद राशि भेंट देकर सम्मानित किया गया। माध्यमिक विभाग में दीपक ठाकुर की ओर से बच्चों को न्योता भोज कराया गया। अतिथियों ने विद्यालय परिसर में पौधरोपण का कार्य किया गया। नोडल अधिकारी ने विद्यार्थियों को आगे बढ़ने तथा अच्छी शिक्षा के लिये आशीर्वाद दिया।

## नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोर्रा(भखारा)

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिलौटी में शाला प्रवेशोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी दुलार सिन्हा थे। बच्चों ने सरस्वती वंदना की। नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया तथा मिठाई खिलाकर मुंह मीठा किया गया। कार्यक्रम में बच्चों को निःशुल्क पाठ्य-पुस्तक का वितरण किया गया। इस अवसर पर हाई एवं हायर सेकेण्डरी के कक्षा में टाप किए छात्रों को प्रशस्ति पत्र व नकद राशि देकर सम्मानित किया गया। दुलार सिन्हा ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कठिन परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया। व्याख्याता जेएन सोनवानी ने इको क्लब की कार्ययोजना बताई। प्राचार्य बी पदमा राजेश ने विद्यालय की उन्नत शिक्षण व्यवस्था, अनुशासन बनाए रखने व श्रेष्ठतम विद्यार्थी गुणों को विकसित करने के लिए प्रेरित किया। मुख्यमंत्री व शिक्षामंत्री के संदेश का वाचन किया गया। इस अवसर पर एके यादव, जेएन सोनवानी, एसके जैन, एसके ध्रुव, सीपी साहू, एचआर साहू, वायके सेन, एनआर साहू, आर पोर्ते, एनके साहू, एचके साहू, भोजराम साहू समेत बड़ी संख्या में पालक उपस्थित थे।

## जलसंकट से निबटने डोंगरडुला में जल जगार अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

ग्राम डोंगरडुला में जल जगार कार्यक्रम हुआ। अधिकारी कर्मचारियों ने बताया कि जलस्तर गहरा होता जा रहा है जिससे हमारी आने वाली पीढ़ियों को जल संकट का सामना करना पड़ सकता है। जल संकट से निबटने गांव गांव में जल जगार अभियान चलाया जा रहा है। किसानों को गर्मी में धान की जगह तिलहन दलहन तथा सब्जी की फसल लेने के लिए प्रेरित किया। इससे पानी की बचत होगी। अपने आसपास पेड़ पौधे लगाने का संकल्प भी कराया। मौके पर सरपंच फुलेश्वरी नेताम, पंच चमेली साहू, फुलेश्वरी साहू, लीलाबाई साहू, परदेसी ध्रुव, सचिव ममता उइके, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, उषा साहू, प्रमिला साहू, सीमा साहू, ममता साहू एवं ग्राम प्रमुख अनराज साहू, टेमराय साहू, कुंदन ध्रुव समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



## भोथापारा में नवप्रवेशित बच्चों का हुआ विद्यारंभ संस्कार




हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शासकीय आदिवासी कन्या आश्रम भोथापारा में नवप्रवेशी बच्चों को अक्षत तिलक लगाकर शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर यज्ञाचार्य अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार प्रतिनिधि गजानंद साहू, भूमिका साहू भगवताचार्य द्वारा नव प्रवेशित बच्चों का विद्यारंभ संस्कार एक कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के माध्यम से किया गया। आश्रम में सामूहिक पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती शांति संतोष कुंजाम सरपंच भोथापारा, विशिष्ट अतिथि श्रीमती पीएल ध्रुव संकुल प्राचार्य, पंच श्रीमती शैलेन्द्री नेताम, सिध्दू राम ध्रुव अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति, श्रीमती देवकी नाग प्रधान पाठक, सहायक शिक्षक द्रोपती मालेकर, महेश्वरी कोमरा, हुमन नागवंशी, अमिना नागवंशी, अमिषा यादव, भगवान सिंह, परमेश्वर उपस्थित थे।

## पुरानी बस्ती का हैंडपंप एक साल से खराब



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

ग्राम पुरानी बस्ती (दुगली) का हैंड पंप एक साल से खराब है। शिकायत करने पर भी यहां के जनप्रतिनिधि ध्यान नहीं दे रहे हैं।

राधेश्याम मरकाम, कुंदन सिंह नेताम, सगनू राम नेताम, महेश नेताम ने बताया कि इस समस्या से ग्राम पंचायत को कई बार अवगत करा चुके हैं। लाइन बंद होने पर काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। दूर-दूर से पानी लाना पड़ता है।

## खबर संक्षेप

### विश्व जागृति मिशन का सत्संग हर रविवार को पुनः प्रारंभ

■ वीडियो के माध्यम से होगा सुधांशु जी महाराज का प्रवचन

**धमतरी।** विश्व जागृति मिशन धमतरी सत्संग समिति द्वारा विगत 20 वर्ष से धमतरी में साप्ताहिक सत्संग का आयोजन स्थानीय विंध्यवासिनी मंदिर परिसर में करता रहा है। कोरोनाकाल के समय से सत्संग बंद हो गया था। उसे अब पुनः उसी स्थान पर साप्ताहिक सत्संग प्रारंभ किया गया है। गजेन्द्र कुमार साहू अध्यक्ष विश्व जागृति मिशन धमतरी मण्डल ने बताया कि प्रति रविवार को शाम 5 से 7 बजे तक विंध्यवासिनी मंदिर परिसर में साप्ताहिक सत्संग का आयोजन होगा। उन्होंने भक्तजनों से सत्संग का लाभ लेने की अपील की है। ज्ञात हो कि विश्व जागृति मिशन के संस्थापक सद्गुरू सुधांशु महाराज 29 जून शनिवार को रायपुर में एवं 30 जून रविवार को ब्रम्हलोक आश्रम परसदा कुम्हारी में जीवन प्रबंधन एवं भगवान से भक्ति को जोड़ने के ऊपर अपना प्रवचन देंगे। उल्लेखनीय है विश्व जागृति मिशन गुरू पूर्णिमा के अलावा सेवा प्रकल्प भी संचालित करता आ रहा है। मानव जाति के लिए अद्वितीय ज्ञान प्राप्त करने की दिशा प्रदान करने गुरूदेव स्वयं रायपुर पहुंच रहे हैं।



### प्रशिक्षण में मिली मत्स्य पालन की जानकारी

**नगरी।** प्रोजेक्ट उन्नति अंतर्गत 10 दिवसीय मत्स्य पालन प्रशिक्षण ग्राम पंचायत ठेन्ही में हुआ। प्रशिक्षण में मत्स्य पालन करने की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। समापन कार्यक्रम में एडिशनल सीईओ श्री बांगड़े, कार्यक्रम अधिकारी आयुष झा उपस्थित हुए। प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण- पत्र के साथ सम्मानित किया गया। एडिशनल सीईओ ने कहा कि 10 दिन के प्रशिक्षण में जो भी जानकारी मिली है। उसके अनुसार कार्य करें। इससे आपकी आय बढ़ेगी।

### सिन्हा समाज का शपथ ग्रहण समारोह आज

**धमतरी।** सिन्हा समाज धमतरी मंडल के नवनिर्वाचित मंडलेश्वर संतोष सिन्हा, सचिव देवकरण गजेंद्र एवं कोषाध्यक्ष हेमशंकर सिन्हा सहित अन्य पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह सिन्हा भवन रत्नाबांधा रोड में 29 जून को सुबह 11 बजे रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि युवराज सिन्हा प्रांतीय अध्यक्ष सिन्हा समाज होंगे। अध्यक्षता कालीदास सिन्हा जिलाध्यक्ष धमतरी करेंगे। विशिष्ट अतिथि रिखीराम सिन्हा प्रांतीय महामंत्री सिन्हा समाज, डा. विसम्भर सिन्हा प्रांतीय कोषाध्यक्ष सिन्हा समाज, संजु कामता सिन्हा प्रांतीय कोषाध्यक्ष महिला मंच, शशिकांत सिन्हा प्रांतीय कोष निरिक्षक, दुलार सिंह सिन्हा विशेष आमंत्रित सदस्य, रामसेवक सिन्हा प्रदेश कार्यकारिणी, चन्द्रहास सिन्हा प्रांतीय सहसम्पादक, तोमेश्वर दास सिन्हा जिला निर्वाचन अधिकारी, दुष्यंत कुमार सिन्हा जिला युवा मंच अध्यक्ष, परमेश्वरी सिन्हा जिला महिला अध्यक्ष, गजाधर प्रसाद सिन्हा संरक्षक सिन्हा समाज धमतरी, दयाराम सिन्हा जिला महामंत्री, दिलीप कुमार सिन्हा जिला कोषाध्यक्ष, पन्नालाल सिन्हा मंडलेश्वर नगरी, नरेश कुमार सिन्हा मंडलेश्वर मगरलोड, हिरेश्वर सिन्हा मंडलेश्वर कुरूद, हुमेन्द्र गजेन्द्र मंडलेश्वर भखारा होंगे।

### आईटीआई में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 3 तक

**सिर्री।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था नारी में प्रवेश सत्र 2024-25 के लिए व्यवसाय कोपा की 48 सीट, डीसीएम 20 सीट, फिटर 20 सीट, विद्युतकार की 20 सीट पर प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन फार्म 3 जुलाई तक मंगाए गए हैं। सीजीआईटीआई डाट सीजीस्टेट डाट जीओवी डाट इन की वेबसाइट पर संबंधित व्यवसाय को चुनकर अपना डिटेल सब्मिट करके ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। यह जानकारी जयंत साहू प्राचार्य आईटीआई नारी ने दी है।

निगम क्षेत्र की नालियों की सफाई के लिए 16 प्वाइंट बनाए गए

# निगम की स्वच्छता टीम अब सदरबाजार गोलबाजार की नालियों की सफाई में जुटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

नगर पालिक निगम प्रशासन इस साल शहर को बारिश के पानी से डूबने से बचाने एड़ी चोटी का जोर लगा रहा है। फरवरी से प्रारंभ नाली सफाई का कार्य जून माह तक लगातार चल रहा है। पांचवें चरण के इस कार्य में अब सदरबाजार, गोलबाजार, बालक चौक स्थित नालियों की सफाई की जा रही है। स्लैब काटकर किए जा रहे इस सफाई कार्य में प्रतिदिन 5 ट्रेक्टर से अधिक मलबा नालियों से निकल रहा है।

स्वच्छता निरीक्षक मो. शेरखान ने बताया कि निगम की सफाई टीम को नालियों और नालों की सफाई करते 5 माह बीत गया। इस दरम्यान नालियों की सफाई पांच चरणों में की जा चुकी है। पहले चरण में बड़े नालों की सफाई जेसीबी मशीन से की गई। खरपतवार को साफ करने के साथ बड़े नालों से गिट्टी, पत्थर, ईंट, कांच, प्लास्टिक, सरिया, सीमेंट के टुकड़े आदि को निकालकर ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया गया। इस कार्य में 50 ट्रेक्टर से अधिक मलबा बड़े नालों से निकाला गया। बड़े नालों की सफाई तीन चरणों में की गई। इसके बाद शहर के आउटर नालियों की सफाई हुई। शहर के अंदर नालियों की सफाई के लिए 16 प्वाइंट बनाए गए थे जिसमें चरणबद्ध तरीके से सफाई की गई। जिन इलाकों में बारिश का पानी जाम होता है, उस प्वाइंट को चिन्हांकित कर अच्छे तरीके से सफाई की गई। राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित नाली को भी सप्ताह भर के अंदर पूरी तरह साफ किया गया। इस दौरान सालों से सफाई नहीं हुई जगहों के स्लैब को हटाकर मलबा निकाला गया। बठेना चौक से अंबेडकर चौक तक की नाली अब पूरी तरह साफ हो गई है।



शहर के अंदर नालियों की सफाई का क्रम जारी है। बिलाई माता मंदिर परिसर से सदरबाजार, मठ मंदिर, गोल बाजार, बालक चौक, मकई चौक के दोनों छोर में स्थित नालियों की सफाई युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। इससे पहले भी इन क्षेत्र की नालियां की सफाई दो बार अच्छे से हो चुकी हैं। चूंकि बारिश का मौसम है इसलिए एहतियातन नालियों की सफाई और की जा रही है। सफाई के दौरान प्रतिदिन 2 से 3 ट्रेक्टर नालियों से मलबा निकाला जा रहा है। नालियों में लगे स्लैब को हटाकर पूरी तरह साफ किया जा रहा है। इस कार्य में कर्मचारी सुबह 6 बजे से जुट जाते हैं। नालियों की सफाई के दौरान व्यापारियों एवं आम नागरिकों से घर, दुकान का कचरा नालियों में नहीं डालने का आग्रह किया जा रहा है।

## प्रीतेश ने अपने व्यावसायिक परिसर एवं घर में लगाए पौधे



■ पीएम मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान को आगे बढ़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

एक पेड़ मां के नाम पर लगाने की पवित्र सोच रखते हुए पर्यावरण संतुलन की दिशा में सार्थक कदम उठाने का निर्णय लेने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पर्यावरण दिवस पर किए गए महान कार्य की शुरुआत को आगे बढ़ाते हुए सर्व गुजराती समाज छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य भाजपा छत्तीसगढ़ प्रीतेश गांधी ने अपने व्यावसायिक परिसर एवं गृह निवास में नीम, बेल, कनेर, खमार सहित अन्य पौधों का रोपण किया तथा इस अभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वर्तमान में पर्यावरण में प्रदूषण के साथ-साथ जो समस्याएं समाज के सामने आ रही हैं, उसके समाधान हेतु प्रधानमंत्री की सोच के अनुरूप प्रत्येक व्यक्ति एक पेड़ मां के नाम लगाकर अपने नागरिक धर्म का निर्वाह करें। आगे कहा कि प्रकृति का श्रृंगार हरियाली से ही किया जा सकता है। अंधाधुंध कट रहे वृक्षों के कारण मानव जीवन पर अनेक संकट उत्पन्न हो रहे हैं। प्रदूषण से बचने और स्वच्छ पर्यावरण का एकमात्र उपाय पौधरोपण है। मौके पर पार्षद राजेंद्र शर्मा, तारेन्द्र चंद्राकर, डेनिश चंद्राकर एवं सतेन्द्र शर्मा उपस्थित थे।



## डोनाल्ड डक ने किया बच्चों का स्वागत



■ आकृति प्ले स्कूल में धूमधाम से मना शाला प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

करीब ढाई महीने बाद बच्चे अपने स्कूल, अपने टीचर से मिलने पहुंचे तो उनमें गजब का उत्साह देखने को मिला। कई बच्चों ने डांस कर तो कुछ बच्चों ने अपने टीचर से गले मिलकर खुशी जाहिर की। टीवी के कैरेक्टर पसंदीदा कार्टून को देखकर खूब एन्जॉय किया। नगर के कर्मा चौक स्थित आकृति प्ले स्कूल में शाला प्रवेशोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जब बच्चे ढाई महीने बाद स्कूल पहुंचे तो उनके पसंदीदा कार्टून कैरेक्टर डोनाल्ड डक ने उनका भव्य स्वागत किया। हाई-फाई, हैंडसेट करके स्कूल में प्रवेश कराया। इनके अलावा स्कूल के प्राचार्य और शिक्षिकाओं ने भी बच्चों की आरती उतार, तिलक लगाकर फूलों की वर्षा कर स्वागत किया। शिक्षिका पूजा धीवर ने स्वागत गीत गाया।

## छात्रों को बताया शिक्षा का महत्व

■ हाईस्कूल कोलियारी में नवप्रवेशी छात्रों का मुंह मीठा कराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शासकीय हाई स्कूल कोलियारी में शाला प्रवेश उत्सव उत्साह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी कार्यपालन अभियंता भूपेंद्र कुमार मगेंद्र थे। मुख्य अतिथि सरपंच कमलनारायण सोनकर एवं विशेष अतिथि ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष संतोष सोनकर, हेमलाल साहू थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन एवं मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर किया। प्राचार्य एसबीएस मरकाम ने शैक्षणिक स्तर में सुधार को लेकर किए जाने वाले प्रयास से अवगत कराते हुए शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। नोडल अधिकारी श्री मगेंद्र ने कहा कि शिक्षा के लोक व्यापीकरण के लिए शासन संकल्पित हैं। इसमें स्थानीय जनप्रतिनिधि व शाला प्रबंधन समिति के सदस्य भी सहभागी बने। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर आगे बढ़ने एवं जीवन में सफल कैसे हो इस बारे में जानकारी दी। सरपंच कमलनारायण सोनकर ने कहा कि बच्चे नियमित रूप से शाला आएं एवं पढ़ाई में विशेष ध्यान दें साथ ही खेलकूद एवं शाला की अन्य गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। अतिथियों ने नवप्रवेशी छात्रों का मुंह मीठा कर एवं पुस्तक भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम में व्याख्याता परमेश्वरी सोनवानी, भूपेंद्र तिवारी, रजनी बाबर, तुलेश गंजीर, रेखा पटेल, स्वाति भोंसले सहित शाला प्रबंधन समिति के सदस्य एवं पालक मौजूद थे।



## शाला प्रवेशोत्सव पर बच्चों को खिलाई खीर पूड़ी



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

शासकीय प्राथमिक शाला बिरनपारा (दुगली) में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। अतिथि शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मुकेश नेताम, वार्ड पंच चैनसिंह कमार, परमानंद नेताम, प्रधानपाठक चिंताराम तुमरेटी, शिक्षिका लीलेश्वरी सोरी, पालक समिति के सदस्य उमानंद यादव, विद्या बाई, दशोदिया बाई, परमेश्वरी थे। नवप्रवेशी बच्चों का गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। पाठ्य पुस्तकें तथा गणवेश बांटा गया। ग्रामीणजनों द्वारा शाला कैंपस में पौधरोपण किया गया। महिला समूह द्वारा बच्चों को खीर पूड़ी खिलाई गई।

## ठेका कर्मचारियों ने लगाई न्याय की गुहार

### बिना लेबर लायसेंस के चल रहा विद्युत सबस्टेशन आपरेटर का ठेका



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

विद्युत विभाग ने ऐसे व्यक्ति को लायसेंस का ठेका दे दिया है जिसके पास लेबर लायसेंस ही नहीं है। इस चूक के चलते ठेका कर्मचारी शोषित हो रहे हैं। उन्हें दुर्घटना बीमा का लाभ नहीं मिल रहा है। मात्र साढ़े 8 हजार रूपए के लिए वे जान जोखिम में डाल रहे हैं। विद्युत विभाग ने सब स्टेशनों के संचालन की जिम्मेदारी ठेके पर दे रखा है। जिले में 208 सबस्टेशन आपरेटर हैं, जो ठेके पर काम कर रहे हैं। एकजुट होकर ठेका कर्मचारी कलेक्टोरेट पहुंचे। उन्होंने बताया कि सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत मिली जानकारी से स्पष्ट है कि सबस्टेशन आपरेटर का ठेका जिस कंपनी को दिया गया है, उसे ही लेबर लायसेंस नहीं मिला है। 15 दिन पहले कंपनी ने लेबर लायसेंस के लिए आवेदन किया था, जिसे निरस्त कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि ठेका देने में जमकर गड़बड़ी की गई है। बिना लेबर लायसेंस के कर्मचारियों के वेतन के लिए बिल पास नहीं होता है, लेकिन अधिकारियों की सांठ-गांठ के चलते बिना लायसेंस के ही पिछले दो साल से बिल पास हो रहा है।

#### शोषण का हो रहे शिकार

ठेका कर्मचारियों ने बताया कि मात्र 8500 के वेतन के लिए वे जान जोखिम में डालकर काम कर रहे हैं। उनका 15 लाख रूपए का दुर्घटना बीमा होना था, जो नहीं हुआ है। ठेका शुरु होने के तुरंत बाद एंड्रायड मोबाइल मिलना था, लेकिन पिछले दो साल से वे खुद के मोबाइल से काम कर रहे हैं। बारिश के मौसम में टार्च, लांगबूट, हैंडग्लब्स, हेलमेट, रेनकोट भी मिलना था। उन्होंने बताया कि स्टेशनरी का खर्च भी उन्हें नहीं दिया जा रहा है।

#### जिसके लिए अधिकृत नहीं, वह काम भी करते हैं

ठेका कर्मचारियों ने बताया कि दबाव देकर उनसे कई अनाधिकृत कार्यों को करवाया जाता है। कई बार चालू लाइन में 11 केवी का एबी स्वीच बंद करना पड़ता है जो काफी खतरनाक है। किसी लाइन को बंद करने के लिए परमिट का काम भी उन्हीं से करवाया जाता है। फ्यूज काल रिकार्ड, आवक - जावक, ट्रांसफार्मर रिकार्ड भी उन्हीं से मेंटेन करवाया जाता है।

## जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर 12 जुलाई से

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

आमजनों की मांग, समस्या और शिकायतों के निराकरण के लिए 12 जुलाई से जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर नम्रता गांधी ने संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को निर्देशित किया कि वे जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर के 15 दिन पहले विकासखण्ड स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन उसी स्थान पर करें, जहां जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित होना है तथा उक्त शिविर में प्राप्त आवेदनों का निराकरण करते हुए इसकी जानकारी जिला स्तरीय शिविर में दी जाए। कलेक्टर ने यह भी निर्देशित किया है कि सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में उपस्थित रहेंगे, ताकि आमजनों की समस्या, शिकायत अथवा मांग का निराकरण तुरंत किया जा सके।



जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर 12 जुलाई को नगरी के लिखमा, 30 जुलाई को मगरलोड के करेली बड़ी, 8 अगस्त को धमतरी के रांवा (तरसींवा) और 28 अगस्त को कुरूद के नारी में आयोजित किया जाएगा। इसी तरह 12 सितम्बर को धमतरी के मोंगरागहन, 26 सितम्बर को नगरी के तुमड़ीबहार, 16 अक्टूबर को कुरूद के सिर्री, 30 अक्टूबर को मगरलोड के मेघा, 13 नवम्बर को नगरी के बेलरगांव, 30 नवम्बर को कुरूद के रामपुर, 12 दिसम्बर को धमतरी के कण्डेल और 28 दिसम्बर को मगरलोड के बोरसी में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया जाएगा।

## विद्याकुंज स्कूल फाइनल में पहुंचा



■ सुब्रतो फुटबॉल मैच में सेंट फ्रांसिस स्कूल महासमुंद को हराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

संभाग स्तरीय सुब्रतो फुटबॉल मैच अंडर 15 का आयोजन स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कोटा रायपुर में हुआ। इसमें विद्याकुंज स्कूल ने अपने पहले मैच में सेंट फ्रांसिस स्कूल महासमुंद को 4-2 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

### चेंबर ऑफ कॉमर्स की मांग का वित्तमंत्री ने किया समर्थन

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज प्रदेश का सबसे बड़ा संगठन है जिसमें लाखो व्यापारी भाई जुड़े हुए हैं। अपने व्यापारी भाइयों की मांग और समस्या को समझते हुए जीएसटी पर सन 2017 से लगने वाले लेट फाइन और उस पर ब्याज को हटा दिया है तथा जो अन्य जीएसटी से संबंधित बाकी है उसे 31 मार्च 2025 तक पटाना है। छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने वित्तमंत्री को इस बात को मानने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है। साथ ही जीएसटी फाइलिंग में भी संशोधन किया है ताकि सभी व्यापारी भाई इसे सरलता से फाइलिंग कर सके। विगत दिनों इस संदर्भ में भी छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने छत्तीसगढ़ के मंत्री ओ पी चौधरी के द्वारा श्रीमती सीतारमण को ध्यानाकर्षित कराया था जिसे भी वितमंत्री ने मान लिया है। छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की धमतरी इकाई के जिलाध्यक्ष महेश जसूजा एवं उनकी टीम के सभी पदाधिकारी सलज अग्रवाल, सुरेश महावर, प्रमोद गुप्ता, जिग्नेश ठक्कर, प्रकाश थारवानी, नरेंद्र होतवानी, धनराज लूनिया, रामू वाधवानी, रवि मुंजवानी, अशोक चरवानी आकाश जसूजा, शैलेश आहूजा, संकेत बरडिया आदि सभी व्यापारी भाइयों ने वित्तमंत्री तथा प्रदेश के वित्तमंत्री ओ पी चौधरी को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

सड़क दुर्घटनाओं से बचने छात्र-छात्राओं को दी गई जानकारी

# शिक्षण सत्र शुरू होते ही स्कूलों में लगी यातायात पाठशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

नवीन शिक्षण सत्र प्रारंभ होने के साथ-साथ ट्रेफिक पुलिस द्वारा स्कूलों में यातायात पाठशाला लगाकर छात्र-छात्राओं को सड़क दुर्घटनाओं से बचने की जानकारी दी जा रही है।

सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने व सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नवीन शैक्षणिक सत्र के आरंभ होते ही राष्ट्रीय राजमार्ग से लगे स्कूलों में ट्रेफिक पुलिस द्वारा यातायात पाठशाला का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में कोलियारी व भोयना के उच्चतर माध्यमिक स्कूल एवं पोटियाडीह तथा मुजगहन के स्कूलों में यातायात पाठशाला लगाई गई जिसमें छात्र-छात्राओं को सड़क दुर्घटना से बचने के उपाय बताये गये। स्कूल आते-जाते समय सड़क पर हमेशा बायें साइड पर चलना है। वहीं सड़क पार करते समय दायें-बायें देख सुरक्षा के प्रति आश्वस्त होना आवश्यक है। जेब्रा क्रासिंग से ही सड़क क्रॉस करना है। जेब्रा क्रासिंग नहीं होने की स्थिति में दोनों तरफ दूर तक सड़क दिखने वाले स्थान पर से ही सड़क पार करें। ड्राइविंग लायसेंस के बिना वाहन नहीं चलाना है। वहीं लायसेंस बनवाने की प्रक्रिया से छात्रों को अवगत कराया गया।



यातायात शाखा से एएसआई चन्द्रशेखर देवांगन, सुरेश नेताम, प्रआ जितेन्द्र कृदत्त, आरक्षक गणपत डिंडोलकर, राजीव साहू, जुनैद खान, संदीप यादव, संतोष ठाकुर, अनिल साहू, जीवन साहू ने बच्चों को ट्रेफिक नियमों की जानकारी दी। पाठशाला में कोलियारी व भोयना स्कूल के 150 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। वहीं मुजगहन व पोटियाडीह में लगाई गई पाठशाला में दोनों स्कूल के 200 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस दौरान मुजगहन स्कूल के प्राचार्य ऋषिकांत सिन्हा, शिक्षक चन्द्रहास सिन्हा, बीएल बंजारे, नवीन साहू, रविशंकर कौशिक, प्रमोद कमलवंशी, पोटियाडीह स्कूल के प्राचार्य अवधेश साहू, शिक्षक बसंत साहू, शिक्षिका ललिता ध्रुव, विभाग, गीतांजलि, रूपेश साहू उपस्थित थे।

तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, [illegible], मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चेदानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है

पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768 9098324969